# जमीन हड़पने दो सगे भाइयों ने अपने छोटे भाई को पुल से नदी में फेंका

❒ दो भाईयों समेत 3 आरोपियों पर लैलूंगा थाने में अपहरण व हत्या का प्रयास का मामला दर्ज



**रायगढ़।** जमीन विवाद को लेकर दो सगे छोटे भाई पर जानलेवा हमला कर करीब 9 माह से फरार चल रहे एक आरोपी पारस पन्ना को एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के सुपरविजन में लैलूंगा टीआई प्रवीण कुमार मिंज द्वारा दिनांक 23.04.2022 को मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, प्रकरण के दो आरोपी गिरफ्तारी के भय से अभी भी गांव, घर से फरार हैं।

जानकारी के अनुसार दिनांक 27/06/2021 के सुबह 10:16 बजे डॉयल 112 छाल राइनो को हाटी नदी के पास विनोद कुमार पन्ना नाम के व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल पड़े होने की सूचना मिला था। इवेंट पर तत्काल मौके पर छाल राइनो में आरक्षक दुर्गेश पटेल, ERV चालक हरीश पटेल मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आहत को ERV वाहन से छाल हॉस्पिटल लाये। छाल हॉस्पिटल से आहत को खरसिया हॉस्पिटल बाद रायगढ़ हॉस्पिटल रेफर किया गया है। डॉयल 112 स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी छाल को घटना की सूचना दी गई। थाना छाल से उप निरीक्षक आरएस तिवारी द्वारा आहत का बयान लेकर उसके रिपोर्ट पर बिना नम्बरी अपराध दर्ज किया गया है। घटना के संबंध में आहत विनोद पन्ना पिता नंदी पन्ना (34 वर्ष) निवासी ग्राम रेडे थाना बागबहार जिला जशपुर बताया कि दिनांक 02/06/2021 को ग्राम जगड़ा थाना धर्मजयगढ़ में उसके मामा के लड़के व उसके दोस्तों के साथ उसका झगड़ा विवाद हुआ था, जिसमें आई चोट का इलाज पत्थलगांव में कराने के बाद ठीक नहीं होने पर दिनांक 24/06/ 2021 को लैलूंगा अस्पताल में भर्ती हुआ था जहां उसका ईलाज चल रहा था। दिनांक 26/06/2021 के सुबह करीब 9-10 बजे के बीच अस्पताल से बाहर निकल कर नाश्ता करने था। उसी समय उसका बड़ा भाई पारस पन्ना (उम्र 38 वर्ष) जो लैलूंगा हाई स्कूल पारा में रहता है वह और बड़ा भाई मुन्नू पन्ना (35 साल) उनके दोस्त अजय चौहान के साथ एक इनोवा गाड़ी में आए और उसे मारपीट कर जबरन गाड़ी में बिठा कर कोरबा जाने वाले रास्ते की ओर ले गए। जहां हाटी पुल के पास तीनों गाड़ी में रखे राड, डंडा से इसे (विनोद पन्ना) को मारपीट किए और उसके शर्ट से उसका हाथ , पैर बांधकर उसे हत्या करने की नियत से पुल के ऊपर से नदी में फेंक दिए थे। आहत बताया कि इनका कोरबा न्यायालय में जमीन विवाद का प्रकरण चल रहा है, उसी जमीन विवाद को लेकर भाइयों द्वारा साथी अजय चौहान के साथ मिलकर घटना किए हैं। छाल पुलिस नामजद आरोपी पारस पन्ना, मुन्ना पन्ना व अजय चौहान के विरुद्ध शून्य पर अपहरण सहित हत्या का प्रयास का मामला (365,307,34 IPC) दर्ज कर घटनास्थल लैलूंगा थाना क्षेत्र का होने से अग्रिम विवेचना के लिए थाना लैलूंगा डायरी भेजा गया। थाना लैलूंगा में असल अप.क्र. 172/2021 धारा 365,307,34 IPC का अपराध आरोपियों पर दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की जा रही।

## प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश के साथ अंधड़ चलने व आकाशीय बिजली गिरने की संभावना



**रायपुर । आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में रविवार को भी एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है।

मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में शनिवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई, वहीं प्रदेश के सभी संभागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री रायगढ़ में दर्ज किया गया है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में उत्तर से हवा तथा दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण से हवा आ रही है। इससे 24 अप्रैल को प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में गरज चमक के साथ एक-दो स्थानों पर अंधड़ भी चलने की संभावना है। साथ ही आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### यात्री बस अनियंत्रित होकर पलटी, कोई हताहत नहीं

रायगढ़ (आरएनएस) । घरघोड़ा मार्ग में सामरुमा बजरंग बली मंदिर के पास आज सुबह एक बस के पलटने से बस में सवार सवारियों में एक बारीकी दहशत सी फैल गई बस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही टीआई पूंजीपथरा बल सहित मोके पर पहुँचे और आहतो को घरघोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गनीमत है कि इस हादसे में सभी यात्री बाल बाल बच गए। रायगढ से अम्बिकापुर के मध्य चलने वाली अम्बिका बस आज सुबह अपने निर्धारित समय पर यात्रियों को लेकर अपने गंतव्य के लिए निकली थी बस की रफ्तार अधिक होने के कारण यह बस सुबह साढ़े दस बजे पूंजीपथरा थाना होते सामारुमा ग्राम के आगे बजरंग बली मंदिर के पास अचानक ड्राइवर का बस को नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई बस के पलटते ही बस में बैठे यात्रियों भी नही समझ पाए और चीख पुकार मच गई घटना की सूचना मिलते ही पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सही दलबल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर 112 से घरघोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां दो यात्रियों को लगी चोट को देखते हुए उनका प्राथमिक उपचार कर बाकी लोगो को भी मरहमपट्टी कर छुट्टी दे दी।

### लम्बे समय से फरार आरोपी को गिरफ्तार

**रायगढ़।** अपराध विवेचना दरमियान आरोपी पक्ष के लोग पुलिस के पास यह भ्रामक जानकारी फैलाया जा रहा था कि आहत/ रिपोर्टकर्ता कि दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। आरोपी पक्ष द्वारा आहत से समझौता का दबाव बनाया जा रहा था, वही एसडीओपी धरमजयगढ़ के मार्गदर्शन पर पुलिस टीम लगातार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तारी का दबाव बनाया जा रहा था। मुखबिर से लगातार आरोपियों के संबंध में जानकारी ली जा रही थी जिसमें एक आरोपी पारस पन्ना पिता नंदी पन्ना (उम्र 38 वर्ष) निवासी हाई स्कूल पारा लैलूंगा थाना लैलूंगा को आज दिनांक 23.04.2022 को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, शेष दो आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी के लिये टीआई लैलूंगा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दबिश दिया जा रहा है।

### हत्या एवं हत्या के प्रयास की घटना में शामिल 2 नक्सली गिरफ्तार

**बीजापुर (आरएनएस) ।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 22 अप्रैल को थाना मोदकपाल क्षेत्रांतर्गत टी-पाइंट एवं मुरकीनार के बीच एमसीपी के दौरान 02 भीमसेन वाडसे पिता बदरू उम्र 21 वर्ष निवासी पगुंड बोगलापारा एवं गनपत एरमा पिता सुकलू उम्र 26 वर्ष निवासी नुकनपाल एरमापारा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली थाना मोदकपाल क्षेत्रान्तर्गत 15 जुलाई 2021 को ग्राम नुकनपाल के ग्रामीण मुरा कुडिय़म की हत्या करने एवं 08 फरवरी 2022 को मुरकीनार पहाड़ी जंगल में पुलिस पार्टी के ऊपर आईईडी ब्लास्ट कर फायरिंग करने की घटना में शामिल रहे। जिनके विरूद्ध थाना मोदकपाल में कार्यवाही उपरान्त न्यायालय बीजापुर में पेश किया गया।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई-3 में तहसील कार्यालय व उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई-3 में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई-3 में तहसील कार्यालय व उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया। साथ ही कार्यालय का भ्रमण कर व्यवस्था का जायज़ा लिया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ यांत्रिकी मंत्री श्री गुरू रूद्रकुमार तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## 20 लीटर महुआ शराब के साथ स्कूटी पर शराब परिवहन कर रहा युवक गिरफ्तार, पूंजीपथरा पुलिस की कार्यवाई



**रायगढ़।** थाना प्रभारी पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सिंह को मुखबिर से मिली सूचना पर दिनांक 22.04.2022 को पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा सराईपाली, नेहरा कालोनी के पास स्कुटी पर शराब परिवहन कर रहे युवक को पकड़ा गया है, आरोपी से 20 लीटर महुआ शराब बरामद हुआ है। आरोपी पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

दिनांक 22.04.2022 के रात्रि पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम सराईपाली की ओर से सोनू चौहान एक काला रंग की स्कुटी में प्लास्टिक बोरी के अंदर महुआ शराब भारी रखकर बिक्री के लिए अपने गांव जमडबरी ले जा रहा है। इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने से सहायक उप निरीक्षक सिमसोन मिंज, प्रधान आरक्षक अमित तिर्की को कार्रवाई के लिए रवाना किये। स्टाफ द्वारा सराईपाली रोड में एक व्यक्ति एक काला रंग का स्कुटी में पकड़े, जो पूछताछ पर अपना नाम सोनू चौहान पिता संतराम चौहान उम्र 27 वर्ष सा0 जमडबरी का होना बताया जिसके कब्जे से स्कुटी के बीच में रखा करीब 20 लीटर महुआ शराब (कीमती 2000 रुपये) का जप्त किया गया। आरोपी पर धारा 34(2), 59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

## शादी के सपने दिखाकर युवती का शारीरिक शोषण, शादी की बात पर छोटी जाति की बताकर मुकर गया युवक

❒ युवती की रिपोर्ट पर दुष्कर्म सहित एट्रोसिटी एक्ट में गिरफ्तार कर युवक को भेजा गया जेल



**रायगढ़।** कोतरारोड़ थानाक्षेत्र की युवती के साथ राजेश बरेठ निवासी आदर्शनगर जूटमिल द्वारा शादी का प्रलोभन देकर करीब 2 साल तक शारीरिक शोषण किया पर जब युवती शादी कर पत्नी का दर्जा देने बोली तो राजेश बरेठ छोटी जाति की हो, घरवाले नहीं अपनायेंगे कहकर इंकार कर दिया। नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल द्वारा आरोपी युवक को दुष्कर्म एवं एट्रोसिटी एक्ट में गिरफ्तार किया गया जिसे चक्रधरनगर पुलिस द्वारा विशेष न्यायालय (एट्रोसिटीज) रायगढ़ में रिमांड पर पेश कर जेल वारंट पर जिला जेल दाखिल किया गया है।

जानकारी के मुताबिक कोतरारोड़ थानाक्षेत्र की 21 वर्षीय युवती 7 जनवरी 2021 को थाना चक्रधरनगर में आवेदन देकर राजेश बरेठ पिता नेतराम बरेठ पता मोदी नगर जनक अस्पताल के पीछे आदर्शनगर जूटमिल पर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने एवं छोटी जाति की है बताकर शादी से इंकार करने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज करायी थी, रिपोर्ट पर अप.क्र.16/2021 धारा 376 IPC के तहत अपराध आरोपी राजेश बरेठ पर कायम किया गया। युवती बताई कि वर्ष 2018 में उसकी सहेली के मार्फत राजेश बरेठ से जान पहचान हुआ था। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करने लगे 26 जून 2018 को राजेश चन्द्रपुर घुमने गया था। वहां सिंदुर लगाकर शादी कर लिये कहकर अपने दोस्त के घर ग्राम बरलिया (थाना चक्रधरनगर क्षेत्र) ले गया। उसके दोस्त के घर में रखकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया। जनवरी 2020 में राजेश काम करने के लिये दिल्ली छोड़कर आया और बोला वहां से आने के बाद 2021 में कोर्ट मैरिज करूंगा। 20 दिसम्बर 2020 को युवती दिल्ली से वापस आई और राजेश को शादी करने के लिये बोली तो राजेश छोटे जाति की हो मेरे घर वाले राजी नहीं हो रहे हैं कहकर शादी करने से मना कर दिया। काफी समझाने के बाद भी नहीं मानने पर युवती थाना चक्रधरनगर में घटना की रिपोर्ट की। प्रारंभिक विवेचना में विशेष वर्ग की युवती जानते हुए राजेश बरेठ द्वारा शारीरिक शोषण करना पाये जाने पर धारा 3(2)(V) SC/ST Act जोड़ा गया और डायरी अग्रिम विवेचना के लिये नगर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल (भापुसे) को सौंपा गया। सीएसपी रायगढ़ द्वारा चक्रधरनगर पुलिस के साथ कई बार आरोपी राजेश बरेठ की गिरफ्तारी के लिये उसके घर, दोस्तों, रिस्तेदारों के पास दबिश दिया गया किन्तु आरोपी फरार था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिये सीएसपी पटेल द्वारा मुखबिर लगाकर रखा गया था जिनके द्वारा कल दिनांक 22.04.2022 को आरोपी के रामभांठा क्षेत्र में देखे जाने की सूचना पर चक्रधरनगर टीम के साथ आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया जिसकी गिरफ्तारी की कार्यवाही कर आरोपी राजेश बरेठ पिता नेतराम बरेठ उम्र 23 साल मूल निवास ग्राम छिंद थाना सारंगढ़ वर्तमान पता मोदी नगर जनक अस्पताल के पीछे आदर्शनगर जूटमिल को विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया, जहां से आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जिला जेल दाखिल किया गया है। आरोपी की पतासाजी गिरफ्तारी में सीएसपी योगेश कुमार पटेल के साथ थाना चक्रधरनगर के प्रधान आरक्षक लोमस राजपूत, सतीश पाठक, आरक्षक विक्कु सिंह ठाकुर, चुडामणी गुप्ता की विशेष भूमिका रही है।

## गिरवी रखे मोटर सायकल को मौका देखकर चोरी कर ले गया वाहन मालिक

❒ चोरी की रिपोर्ट पर लैलूंगा पुलिस ने आरोपी को भेजा रिमांड पर, बाइक बरामद



रायगढ़। लैलूंगा पुलिस द्वारा बाइक चोरी के आरोप में वाहन स्वामी को गिरफ्तार किया गया है, सुनने में भले ही अचंभित करने वाला मामला है किन्तु सही है। दरअसल दिनांक 20.04.2022 को सुबह करीब 08:00 बजे रामनगर लैलूंगा में रहने वाला मंयक पैकरा पिता चन्द्रसेन पैकरा 18 वर्ष अपने दोस्त जीवन कटकवार S/O अशोक कटकवार निवासी रामनगर लैलूंगा से मोटर सायकल HF DELUX क्रमांक CG 13AD-7204 को मांग कर रूडुकेला यादव होटल नास्ता लेने गया था , नास्ता लेकर बाहर आने पर देखा जिस जगह पर बाइक खडी किया था, वहां नही थी। थाना लैलूंगा में प्रार्थी मयंक पैकरा के मोटर सायकल चोरी की रिपोर्ट पर अप.क्र. 84/2022 धारा 379 IPC का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना दरम्यान पता चला कि चोरी गई मोटर सायकल अमर साय पिता डूलेश्वर भूईहर निवासी सरडेगा की है जो रूपयों की आवश्यकता पड़ने पर 25,000 रूपये में मोटर सायकल को अशोक कटकवार के पास गिरवी रखा था। अमर साय पूरा रकम न देकर अशोक कटकवार के पास अपनी मोटर सायकल मांगने आता था जिसे अशोक कटकवार पूरे रूपये देकर मोटर सायकल ले जाने के लिये बोला था। दिनांक 20.04.2022 को अमर साय जब अपनी मोटर सायकल को रूडुकेला यादव होटल के बाहर खड़ी देखा तो दूसरी चाबी से बाइक को लेकर भाग गया। टीआई लैलूंगा प्रवीण कुमार मिंज एवं प्रधान आरक्षक राम रतन भगत द्वारा आरोपी अमर साय पिता डूलेश्वर भूईहर उम्र 23 साल निवासी सरडेगा लैलूंगा से चोरी की बाइक जप्त कर आरोपी को चोरी के अपराध में रिमांड पर भेजा गया है।

## आवागमन अवरुद्ध कर रहे विद्युत संविदाकर्मियों को पुलिस ने हटाया

❒ रातभर सड़क बाधित करने से आने जाने वालों को हो रही थी परेशानी



**रायपुर(आरएनएस)।** विद्युत संविदाकर्मियों के द्वारा शुक्रवार शाम बिना अनुमति रैली निकाल घेराव किए जाने की कोशिश को रोकने के लिए पुलिस बल द्वारा स्मार्ट सिटी कार्यालय के पास रोका गया था। आंदोलनकारी वहीं सडक़ पर बैठ गए। समझाने के काफ ी प्रयास के बाद भी नही माने। रात भर रोड बाधित कर के सडक़ पर बैठ गए जिससे आने जाने वालों को काफ ी परेशानी हुई।

आज सुबह आंदोलनकारी उग्र प्रदर्शन नारेबाज़ी करते हुए अलग अलग टुकड़ों में होकर शासकीय संस्थान के घेराव का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस बल द्वारा रोका गया। बिना अनुमति आंदोलन कर रहे लोगों को खदेड़ा गया। कुछ लोगों को गिरफ़्तार कर जेल परिसर ले ज़ाया गया है। आवागमन बाधित करने का अपराध दजऱ् किया गया है।

विद्युत संविदाकर्मियों के द्वारा लगभग 1 माह से धरना किया जा रहा है जिसमें उनकी माँगों को लेकर अधिकारियों एवं प्रशासन के अधिकारियों से कई बार चर्चा हो चुकी है।

उल्लेखनीय है क्ि संविदा कर्मियों की 5 में से 3 माँग पर कार्यवाही करते हुए, संविदा वेतन बढ़ाना, कार्य के दौरान दुर्घटना में उपचार व्यय की प्रतिपूर्ति, मृत्यु के स्तिथि में मुआवज़ा सम्बन्धी माँग मानी जा चुकी है तथा क्रियान्वयन आदेश भी जारी हो चुका है। उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश में नियमितिकरण की प्रक्रिया निरस्त की गयी है, जिससे संघ को बैठक कर अवगत भी कराया गया तथा हड़ताल समाप्त करने का अनुरोध भी किया गया। संघ को यह भी बताया गया कि, श्रम न्यायालय द्वारा भी हरताल को अवैध घोषित करते हुए पुन: कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश संघ एवं सम्बंधित को दिए गए हैं।

फिर भी इनके द्वारा उग्र आंदोलन कर बार बार व्यवस्था बिगाड़ी जा रही है। अलग अलग दिन 5 बार इनके द्वारा सडक़ पर बैठ कर आवागमन बाधित किया गया है जिससे आसपास के रहने वालों में काफ़ी आक्रोश भी है।

## युवती से वृद्ध किया अश्लील हरकत, सारंगढ़ पुलिस ने छेड़खानी के आरोप में भेजा रिमांड



**रायगढ़।** दिनांक 23.04.2022 को टीआई सारंगढ़ विवेक पाटले द्वारा युवती के घर घुसकर छेड़खानी करने वाले 62 वर्षीय आरोपी को छेड-छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 21.04.2022 को सारंगढ़ क्षेत्र की युवती अपने परिजनों के साथ थाना सारंगढ़ आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपने मायके में रहती है। दिनांक 20.04.2022 के सुबह करीब 09.00 बजे घर में माता पिता थे। उसी समय गांव का बाबूराम नाई , धन्नू यादव पिता जी को काम करने जाने के लिए बुलाने आये थे। पिता जी उनसे बोले कि मेहमानी जा रहा हूँ आज काम पर नहीं जा पाउंगा। तब दोनों घर के बाहर परछी में बैठे थे , कुछ देर बाद माता पिता दोनों मामा गांव के लिए निकल गये। परछी के पास बैठे बाबूराम नाई और धन्नू यादव मुर्रा मांगे। उस समय किचन रूम में खाना बना रही थी, तभी बाबूराम नाई किचन रूम में आकर हाथ को पकड़ लिया और गलत इरादे से इधर-उधर पकड़ने लगा। जिससे चिल्लाई पर घर के बाहर छठ्ठी कार्यक्रम में डीजे बजने से कोई नहीं सुने बाहर में बैठा धन्नू यादव भी नहीं सुना। जैसे-तैसे बाबूराम नाई से छुडा कर माता पिता को फोन कर तुरन्त वापस बुलाई और थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई। युवती के रिपोर्ट पर थाना सारंगढ़ में अप.क्र. 194/2022 धारा 452, 354 IPC का अपराध आरोपी बाबूराम नाई उम्र 62 वर्ष निवासी सारंगढ़ पर दर्ज कर आरोपी के गांव घर में दबिश दिया गया जो फरार था जिसे आज मुखबिर सूचना पर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## आरक्षक से प्रधान आरक्षक रेंज स्तरीय पदोन्नति परीक्षा प्रारंभ

❒ पहले दिन जिला बिलासपुर, कोरबा व मुंगेली के जवानों का हुआ फिजिकल टेस्ट

❒ आज फिजिकल टेस्ट में रायगढ़ व जिला जांजगीर चांपा के जवान की होगी परीक्षा



रायगढ़। पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर के निर्देशानुसार सभी पुलिस रेंज में वर्ष 2022 के लिए "प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक" तथा "आरक्षक से प्रधान आरक्षक" पदोन्नति परीक्षा लिया जाना प्रस्तावित है। बिलासपुर रेंज में होने वाले आरक्षक से प्रधान आरक्षक पदोन्नति परीक्षा के लिए गठित समिति में पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा अध्यक्ष एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जीपीएम (गौरेला पेंड्रा मरवाही) अर्चना झा एवं उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) बिलासपुर संजय साहू सदस्य हैं। वरिष्ठता-सह-उपयुक्तता के तहत हो रहे पदोन्नति परीक्षा में आरक्षकों के सर्विस रिकार्ड की जांच, दावा आपत्ति लिये जाने के बाद एक अनुपात तीन में बिलासपुर जिले के 78, कोरबा जिले के 108, , मुंगेली जिला के 21, रायगढ़ के 138 एवं जांजगीर चांपा के 81 योग्य आरक्षकों का शारीरिक स्वस्थ्ता परीक्षा (Physical Test) होना है।

"आरक्षक से प्रधान आरक्षक" पदोन्नति परीक्षा के अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन पर रेंज के पांच जिलों के योग्य आरक्षकों का शारीरिक स्वस्थ्ता परीक्षा (Physical Test) छठवीं बटालियन उर्दना के परेड ग्राउंड के समीप मैदान पर आयोजित किया जा रहा है। शारीरिक स्वस्थ्ता परीक्षा के लिए जिले के पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों के साथ रेंज के अधिकारी, कर्मचारियों, मेडिकल स्टाफ एवं विभिन्न स्कूलों के व्यायाम शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शारीरिक स्वस्थ्ता परीक्षा (Physical Test) में 800 मीटर दौड़ व गोला फेक इवेंट है, आज बिलासपुर, कोरबा एवं मुंगेली जिला से आये आरक्षकों का दौड़ एवं गोला फेंक हुआ है। कल रायगढ़ एवं जांजगीर-चाम्पा जिले के जवानों का दौड़ व गोला फेक इवेंट होगा। फिजिकल टेस्ट के बाद उतरे हुए आरक्षकों की लिखित परीक्षा होगी। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा गर्मी को देखते हुए आ रही अमरजीत खूंटे को पानी, गुलकोज सहित अन्य आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था मैदान पर करने निर्देशित किया गया है । पुलिस अधीक्षक स्वयं ग्राउंड पर उपस्थित होकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देशित किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480